	कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर **(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)**	150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

सतर्कता शाखा ने हटाए अस्थाई अतिक्रमण

जयपुर। हेरिटेज निगम ने गुरूवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ट्रक सामान जब्त किया है। कार्रवाई के संबंध में उपायुक्त सतर्कता पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर शहर में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरूवार को राजस्व निरीक्षक बेद्यनाथ कौशिक के नेतृत्व में निगम दस्ते ने गलता गेट रोड़, दिल्ली बाईपास रोड, वार्ड 76 पार्षद कार्यालय के पीछे, जलमहल रोड, रामगढ मोड पर सड़क और बरामदों पर अस्थाई अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। जिसमें दो ट्रक सामान जब्त किया, साथ ही नौ हजार रूपए का चालान किया। सतर्कता शाखा के अधिकारियों ने भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी।